दिन– सोमवार दिनांक– 28 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज पटना में एनडीए के घटक दलों की होगी समन्वय बैठक। विधानसभा उप चुनाव और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य रुप से होगी चर्चा।

02. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। राज्य सरकार से नब्बे एकड़ अतिरिक्त भूमि की मांग की।

03. सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज से देशभर में मनाया जा रहा है सतर्कता जागरूकता सप्ताह।

04. और, प्रदेश में डेंगू के मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ अड़तालीस मरीजों की हुयी पुष्टि।

अब समाचार विस्तार से.........

---

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज पटना में एनडीए के घटक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। समन्वय बैठक में राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, इमामगंज, बेलागंज और रामगढ़ उप चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य रुप से चर्चा होने की संभावना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इससे घटक दलों के बीच चुनाव संबंधी चर्चा की प्रक्रिया को गति मिलेगी। बैठक में भाजपा, जदयू, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा जैसे घटक दलों के नेता शामिल होंगे। बैठक में सभी पार्टी अध्यक्षों, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और जिला अध्यक्षों को भी शामिल होने के लिए कहा गया है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की तीसरे चरण की यात्रा कल बक्सर में संपन्न हुई। तीसरे चरण के दौरान श्री कुशवाहा ने जहानाबाद, गया,

कैमूर और बक्सर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि उनकी इस यात्रा का उद्देश्य एनडीए को मजबूत करना है।

————————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। उपचुनाव के लिए चार सीटों पर पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। वहीं, मतों की गिनती तेईस नवम्बर को होगी।

————————————————————————————

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में प्राधिकरण ने राज्य सरकार से नब्बे एकड़ अतिरिक्त भूमि की मांग की है। वायुयान संगठन निदेशालय के निदेशक डॉ. निलेश रामचंद्र देवरे ने इस संबंध में दरभंगा के जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में जिलाधिकारी को नब्बे एकड़ अतिरिक्त भूमि चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

————————————————————————————

गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाईलैंड के लिए सीधी विमान सेवा शुरु हो गयी है। थाई एयर एशिया के विमानों का परिचालन सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा।

————————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत नवम्बर महीने के तीसरे सप्ताह में दरभंगा आने का कार्यक्रम है। श्रीमती सीतारामन ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगी और ग्रामीण बैंकों के कार्याकलापों की समीक्षा करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीण बैंकों की एनपीए और कृषि ऋण वितरण पर मुख्य रुप से चर्चा होगी।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत रोजगार सृजन में कटौती किये जाने के दावों को खारिज किया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि मनरेगा मांग आधारित योजना है, इसलिए इसके तहत नामांकन का लक्ष्य तय करना संभव नहीं है।

———————————————————————————

दीपावली और छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम और मध्य रेलवे की ओर से बिहार समेत पूर्वी भारत के लिए छप्पन जोड़ी विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

———बाईट———

इधर, रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कोटा से दानापुर, पटना से न्यूजलपाईगुड़ी, कटिहार से दौरम मधेपुरा और कटिहार से छपरा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

———————————————————————————

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के हर प्रखंड में वायु प्रदूषण का अगले तीन वर्ष तक अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद संयुक्त रूप से यह अध्ययन करेगा। इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे।

———————————————————————————

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गंगा नदी पर सुल्तानगंज अगुवानी घाट पुल के ढहने से क्षेत्र की जलीय जैव विविधता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने की आशंका के संबंध में केस दर्ज किया है। अगले वर्ष छह जनवरी को ट्रिब्यूनल के पूर्वी जोन बेंच, कोलकाता में इस पर सुनवाई होगी। याचिका में पुल ढहने के चलते विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होने की आशंका जताई है।

———————————————————————————

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज से देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर अपने संदेश में लोगों से अपने आचरण में ईमानदारी की मिसाल कायम करने की अपील की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

चक्रवाती तूफान दाना का प्रभाव प्रदेश के विभिन्न भागों में अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के मौसम कोई विशेष परिवर्तन नही होगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में डेंगू के मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से डेंगू एक सौ अड़तालीस मरीज मिले हैं। इसमें सबसे अधिक अड़सठ मामले पटना से हैं। वहीं, सीवान से दस नये मामलों की पुष्टि हुई है। इधर, पटना से चिकनगुनिया के भी नौ नये मामलों की पुष्टि हुई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई से संबद्ध सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को अपने नाम के आगे पीएमश्री लगाना होगा। बोर्ड ने इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया है। सीबीएसई अपने सरस पोर्टल के माध्यम से इसके लिए सभी विद्यालयों से ऑनलाईन आवेदन मांगेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा कल सुपौल, मधेपुरा और सहरसा पहुंची। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने ट्रॉफी का जोरदार स्वागत किया।

———————————————————————————

बक्सर जिले के सिमरी थाने की हाजत में बंद युवक राजेश कुमार खरवाल की मौत के मामले में थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के पताही रुप के पुरौनी पोखर के पास पुलिस ने एक ट्रक से पचास लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के चेरियाबरियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरजाना गांव के पास पुलिस ने एक वाहन से पचास किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पलासी से डीआईयू की टीम ने एक ट्रक से पांच हजार छह सौ बासठ लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ मिजोरम के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से तेरह लाख रुपये से अधिक नकद भी बरामद किये गये।

———————————————————————————

बक्सर जिले के इटाढ़ी से पुलिस ने साईबर अपराध गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में एक्सिस बैंक, धनबाद का शाखा प्रबंधक भी शामिल है।

———————————————————————————

गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के तरवां बाजार से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने हथियार तस्कर सत्येन्द्र चौधरी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन हथियार बरामद किये गये।

———————————————————————————

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने कुख्यात मानिक और पांडव गिरोह के तीन सदस्यों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

वाराणसी के सर्वसेवा संघ के ध्वस्त किये गये भवन के पुनर्निर्माण और मुआवजे की मांग को लेकर बिहार लोक समिति की ओर से पटना में एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया गया।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिंदुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– डिजिटल अरेस्ट फरेब है, सख्ती से निपटेंगे।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– छठ घाट पहुंचने वाले रास्ते दुरुस्त कराएं।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– जमीन सर्वे–स्व घोषणा का नहीं कर पा रहे ऑनलाइन आवेदन, सर्वर दो दिन से ठप।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर दिवाली छठ की भीड़, ट्रेन में चढ़ने के लिए मची भगदड़, नौ घायल।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं– शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटा राजद में शामिल।

**आज** अखबार की सुर्खी है– शिक्षकों की पहले पोस्टिंग, फिर सत्यापन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज पटना में एनडीए के घटक दलों की होगी समन्वय बैठक। विधानसभा उप चुनाव और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य रुप से होगी चर्चा।

02. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। राज्य सरकार से नब्बे एकड़ अतिरिक्त भूमि की मांग की।

03. सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज से देशभर में मनाया जा रहा है सतर्कता जागरूकता सप्ताह।

04. और, प्रदेश में डेंगू के मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ अड़तालीस मरीजों की हुयी पुष्टि।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।